सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-411
11/09/2017

पूर्व सांसद श्यामा सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 11 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व सांसद श्यामा सिंह के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे एक प्रख्यात राजनेत्री एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थी। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि समाजिक क्षेत्रों में भी अपूरणीय क्षति हुई है। श्यामा सिंह नागालैंड और केरल के पूर्व राज्यपाल श्री निखिल कुमार की धर्मपत्नी थी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******